खाटूश्यामजी में बिजली के तारों को भूमिगत करने की कवायद

ऊर्जा मंत्री नागर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को डीपीआर बनाने के निर्देश दिए

खाटूश्यामजी, (निसं)। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरुवार को सपरिवार बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर श्याम बाबा के दर्शन कर भोग आरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश में खुशहाली की मंगल कामना की। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने श्याम दुपट्टा ओढाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर नागर का स्वागत व सम्मान किया।

इस दौरान ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने कहा कि बाबा श्याम के आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर राजस्थान सरकार प्रयासरत है और आने वाले समय में खाटूधाम में विद्युत तारों का जो जाल फैला हुआ है वह अब आने वाले समय में धीरे-धीरे भूमिगत कर दिया जाएगा, जिससे होने वाले हादसों से निजात मिलेगी। खाटूधाम की बिजली व्यवस्था के तारों को भूमिगत कराने को लेकर कमेटी अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने मंत्री हीरालाल नागर से मांग की तो उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तार से मंत्रणा कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीपीआर बनाने के लिए कहा गया। इस दौरान नायब तहसीलदार श्रवन सिंह कुड़ी,विद्युत विभाग के सीकर अधिक्षण अभियंता अरूण कुमार जोशी रींगस एक्सईएन सुभाष देवंदा, खाटूश्यामजी सहायक अभियंता अश्वनी कुमार मीणा, जेईएन महेन्द्र पूनिया, कनिष्ठ अभियंता ने की राम सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का सम्मान किया।

ऊर्जा मंत्री को दिया ज्ञापन :- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के खाटूश्यामजी पहुंचने पर पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के बैनर तले जितेन्द्र चौधरी प्रदेशाध्यक्ष पीयर और महेन्द्र पूनिया अध्यक्ष अजमेर डिस्कॉम पीयर के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया, जिसमें जेईएन वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित विभिन्न मांग शामिल थी। तकनीकी कर्मचारियों ने भी 16 सूत्री मांग पत्र ऊर्जा मंत्री को सौंपा।

- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सपरिवार बाबा श्याम के दरबार में पहुंचे और पूजा-अर्चना की

बिजली कर्मचारी अध्यक्ष मुकेश कुमार मावलिया ने बताया कि मांग पत्र देकर तकनीकी कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याएं ऊर्जा मंत्री को बताई गई, जिस पर मंत्री नागर द्वारा उचित आश्वासन दिया गया। इससे पूर्व यूनियन द्वारा ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान जेईएन हेमंत, सोमेंद्र, महेंद्र सैनी, प्रीति, नेकीराम सहित सदस्य मौजूद रहे।

अंतिम यात्रा के लिए शमशान घाट का रास्ता तक नहीं

तीन गांवों के लिए शमशान घाट के चारों तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है

मसूदा, (निसं)। उपखंड के ग्राम श्यामपुरा में सुवा सिंह रावत की मौत होने पर ग्रामवासियों के द्वारा शमशान घाट में जाने का रास्ता नहीं होने के वजह से कंधों पर लकड़ी ले जाकर दाह संस्कार किया गया। ग्रामवासियों ने बताया कि शमशान घाट की स्थिति बहुत ही खराब है, ना तो जाने का रास्ता है और ना शमशान घाट में किसी तरह की कोई सुविधा है।

- शमशान घाट को लेकर सरकार और प्रशासन को शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई

ग्रामवासियों ने बताया कि तीन गांवों का श्यामपुरा, पोखरिया का बाड़िया, बोया का बाड़िया का शमशान घाट एक ही है। शमशान घाट कई सालों पुराना है लेकिन अभी तक एक कील का काम भी शमशान घाट में नहीं करवाया गया है। बहुत बार शमशान घाट को लेकर सरकार और प्रशासन को शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई है इसलिए मजबूरन ग्रामवासियों को कांटों और झाड़ियों से होते हुए शमशान भूमि तक जाना पड़ता है। बहुत सी बार टीनशेड के अभाव में बारिश में किसी की मौत होने पर दाह संस्कार नहीं किया जाता।



ग्रामवासियों को शव को पानी में से लेकर जाना पड़ता है।

महिला की गोली मारकर हत्या, आरोपी का नहीं लगा सुराग

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के खानपुर में घर में घुसकर महिला की हत्या के आरोपियों का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस आरोपी के हरियाणा में भाग जाने को लेकर उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। वारदात के आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है। इसके अलावा पुलिस व एफएसएल की टीम ने गुरुवार को घटनास्थल का मौका मुआयना कर साक्ष्य जुटाए हैं।

थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि बुधवार शाम को सातंडिया निवासी हिस्ट्रीशीटर उमेश यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर खानपुर निवासी सजना (45) पत्नी वेदप्रकाश को घर में घुसकर गोली मार दी। इसके बाद आरोपी बाजरे की फसल से होता हुआ फरार हो गया। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों नेघायल सजना देवी को एंबुलेंस के जरिए सिंघाना के राजकीय अस्पताल में पहुंचाया। इस दौरान प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनूं रैफर कर दिया। इसके बाद देर रात को सजना देवी ने दम तोड़ दिया। बदमाश उमेश यादव सिंघाना थाने का हिस्ट्रीशीटर है। बदमाश उमेश व घायल महिला के पति वेदप्रकाश के बीच रूपयों का लेन-देन था। जिसको लेकर काफी दिन विवाद चला तथा 26 अक्टूबर 2021 को सांतडिया के पास खेतों में बने फार्म हाउस पर वेदप्रकाश ने हिस्ट्रीशीटर उमेश के पिता हरफूलसिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर उमेश जयपुर जेल में बंद था। जब हिस्ट्रीशीटर उमेश अपने पिता के अंत्येष्टि पर आया तो उसने पिता की हत्या का बदला लेने की कसम खाई थी। जिसको लेकर उसने वारदात को अंजाम दे दिया।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी उमेश यादव के खिलाफ सिंघाना, खेतड़ी, चिड़ावा, खेतड़ीनगर, सूरजगढ़, कुन्हाड़ी कोटा के अलावा हरियाणा के नारनौल, लोहारू, नांगल चौधरी थाने में 21 मामले दर्ज हैं। झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला स्पेशल टीम के अलावा तीन टीमों का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। मृतक महिला सजना देवी का शव झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखा है।

हथियार सहित एक गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। बबाई पुलिस ने देर शाम को अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक टोपीदार बंदूक बरामद की है। थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के हरड़िया गांव के पास एक व्यक्ति बंदूक लेकर घूम रहा है, जो क्षेत्र में कोई बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की टीम ने बबाई से हरड़िया गांव होते हुए तलाशी अभियान चलाया तो नई की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के पास एक व्यक्ति को अवैध हथियार लेकर जाते हुए दिखाई दिया। इस दौरान पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर रूकवाकर उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम राजू पुत्र बालूराम छोटी डूंगरी किशनगढ़ हाल पेट्रोल पंप सेफरागुवार के पास होना बताया।

खुले में फेंका जा रहा बायो मेडिकल वेस्ट, निस्तारण के उचित प्रबंध नहीं

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही आमजन को भारी, स्वास्थ्य से खिलवाड़

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा क्षेत्र में चिकित्सा बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के उचित प्रबंध नहीं हैं। खुले में यह कचरा फेंककर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

पावटा कस्बे में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर खुले मैदान में बायोवेस्ट बिखरा पड़ा दिखाई देता है, जिसमे पट्टियां, सीरिंज, खाली बोतल, टिश्यू आदि मेडिकल कचरे के ढेर पड़े हैं, जिन्हें जानकवर भोजन समझकर चबा रहे हैं। बायोवेस्ट के निस्तारण के निर्धारित प्रोटोकाल का पालन नहीं किया जा रहा है। खुले में बायोवेस्ट पटकने से आसपास रहने वाले लोगों में भी संक्रमण फैलने का खतरा बन रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि, जिस जगह बायोवेस्ट खुले में फेंका जा रहा है, वहां अन्नपूर्णा रसोई का संचालन होता है। खुले में बिखरे बायोवेस्ट कचरे के ढेर में जानवरों का भी जमावड़ा लगा रहता है। ढेर में मुंह मारते पशु कचरा इधर-उधर फैला देते हैं। दूसरी ओर कचरा बीनने वाले बच्चे भी यहां पर कचरा उठाते हुए देखे जा सकते हैं।

पावटा में सार्वजनिक स्थानों पर बायोवेस्ट बिखरा पड़ा दिखाई देता है।

- खुले में बिखरे बायोवेस्ट कचरे के ढेर में जानवरों का भी जमावड़ा लगा रहता है

बायोवेस्ट सामग्री के कारण कभी भी किसी को हानि पहुंच सकती है। डाक्टर खुद मानते हैं कि अस्पताल में निकलने वाली पट्टियां खराब खून, सीरिंज, इंजेक्शन तथा अन्य सामग्री लोगों के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। खुले में रखी बायोवेस्ट का समय पर निस्तारण नहीं किए जाने पर इसमें से अजीब सी दुर्गंध आने लगती है तथा इसके संक्रमण से बीमारियां फैलने की संभावना बढ़ जाती है।

सीएमएचओ आशीष सिंह ने कहा कि यदि इस तरह की शिकायत आ रही तो कार्यवाही की जायेगी।

कोटपूतली नगर परिषद् ने प्रतिष्ठानों के सामने लगे टीनशेड हटाये

नगर परिषद् की टीम ने कई दुकानों के बाहर रखा सामान जप्त किया

कोटपूतली, (निसं)। शहर में गत वर्ष सड़कों की चौड़ाईकरण व मास्टर प्लान के नाम पर नगरपरिषद् द्वारा कथित रूप से लोगों की मकान-दुकान तोड़े जाने का दर्द अभी कम भी नहीं हुआ कि नगर परिषद् द्वारा मुख्य चौराहा स्थित जोधपुर मिष्ठान भण्डार से नगर परिषद पार्क तक एवं सरदार स्कूल के सामने से लेकर पंचायत समिति तक ना केवल दुकानों के सामने लगे टीनशेड जेसीबी की सहायता से हटाये बल्कि दुकानों से बाहर रखे सामान को भी जप्त कर लिया।

इस दौरान व्यापारी नगरपरिषद् के अधिकारियों से हाथ जोड़कर अपने सामान को स्वयं हटाने की मिन्नतें मांगते रहे किन्तु अधिकारियों ने कड़ा रूख दिखाते हुए कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान मुख्य चौराहे पर नगरपरिषद् प्रशासन दस्ते को व्यापारियों का विरोध भी झेलना पड़ा। लोगों का आरोप है कि नगर परिषद् प्रशासन द्वारा उन्हें पूर्व में किसी तरह का अतिक्रमण हटाने संबंधी नोटिस नहीं दिया।

कोटपूतली में दुकानों के सामने लगे टीनशेड को जेसीबी से हटवाया।

वहीं सरदार स्कूल के सामने जिन दुकानों पर नगरपरिषद् ने कार्यवाही की है उसे भी लोगों ने न्याय संगत नहीं बताया है। अभी तक नगर परिषद् प्रशासन ने महज पक्की दुकानों के सामने लगे टीनशेड हटाने की कार्यवाही की है, जबकि कस्बे के दिल्ली दरवाजा स्थित पावर हाऊस व हाईवे की सर्विस लेन पर लगे थड़ी व खोखे अभी तक नहीं हटाये गये हैं और ना ही नगरपरिषद् व स्थानीय प्रशासन द्वारा शहर में संचालित निजि अस्पतालों के सामने आम रास्तों पर कि जा रही अवैध पार्किंग पर कोई कार्यवाही की गई है।

- नगर परिषद् दस्ते को कई जगह व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा

सड़क हादसे में दो की मौत

बांसवाड़ा, (निसं)। आनंदपुरी के दाहोद रोड पर किराणा सामान लदे खड़े मीनी ट्रक के पीछे तेज रफ्तार से आ रही बाइक घुस गई जिससे बाइक पर सवार तीन में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के बड़लिया गांव निवासी बापुलाल पारगी बाइक पर अपने पिता व बड़े पापा को बैठाकर आनंदपुरी आ रहा था। उस दौरान दाहोद रोड पर किराणा सामान लदे खड़े मीनी ट्रक में उसकी बाइक घुस गई जिसके चलते बाइक चालक बापुलाल पुत्र नगा व उसके बड़े पापा सवा पुत्र दामणा पारगी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सबसे पीछे सवार नंगा घायल हो गया।

उत्तर-पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जीएलओ स्पोर्ट्स ग्राउंड स्टेडियम से आनासागर झील तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल के अधिकारी, कर्मचारी व आरपीएफ के जवानों ने भाग लिया तो वहीं महिला कर्मचारियों ने वॉकथॉन रैली निकाली। रैली को डीआरएम आलोक अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लिया गया।

नौ दिन से लापता विवाहिता का शव फॉर्म पोंड मिला

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में नौ दिन से लापता एक विवाहिता का फॉर्म पोंड में शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गुरुवार को एमजी हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। जानकारी के अनुसार चेतन बलाई की पत्नी माया पिछले नौ दिन से घर से लापता थी।

ससुराल पक्ष ने गुमशुदगी दर्ज करवाते हुए उसकी तलाश शुरू की, इसी बीच गांव के ही एक खेत में बने फार्म पोंड में माया का सड़ा-गला शव मिला। पुलिस मृतका के शव को एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी लेकर पहुंची, जहां शव को सुरक्षित रखवाते हुए उसके परिजनों को सूचित किया गया। माया के पिता और अन्य परिजन एमजी अस्पताल पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों का कहना था कि पति, ससुर, सास, देवर, ननद और अन्य रिश्तेदारों द्वारा छह लाख दहेज की मांग करते हुए माया को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था।

- एमजी हॉस्पिटल में परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगा हंगामा किया
- परिजनों का कहना था कि ससुराल पक्ष द्वारा छह लाख दहेज की मांग की जा रही थी

ससुराल पक्ष की इन प्रताड़नाओं से तंग आकर माया अकाल मौत का शिकार हुई है। परिजनों का आरोप है कि उसे ससुराल पक्ष के लोगों ने ही मौत के घाट उतारकर फॉर्म पोंड में सबूत मिटाने की नियत से फेंक दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर मांडल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की गहनता से जांच शुरू की। साथ ही समझाइश करते हुए पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

महुआ गांव में यूपी के मौलाना द्वारा राष्ट्र विरोधी नारेबाजी करने पर माहौल गरमाया

साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने पर जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा संभाल कर हालात सामान्य किए

माण्डलगढ़, (निसं)। मांडलगढ़ के महुआ गांव में बुधवार शाम एक मौलाना के छोटे बच्चों के साथ राष्ट्र विरोधी नारे के लगाने के आरोप को लेकर हिन्दू संगठनों और ग्रामीणों में आक्रोश भड़क गया था।

इस घटना में कुछ असामाजिक तत्वों ने समुदाय विशेष की दुकानों को निशाना बनाकर करीब आधा दर्जन दुकानों में तोड़फोड़ कर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में महुआ गांव में माहौल गरमाने को लेकर पुलिस का पर्याप्त जाब्ता काफी देरी से पहुंचा। इसी के चलते उपद्रवियों को आगजनी और तोड़फोड़ करने का मौका हाथ लग गया। इस मामले को लेकर मांडलगढ़ थाना पुलिस ने 8-9 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है, वहीं राष्ट्र विरोधी नारेबाजी के मामले में उत्तरप्रदेश निवासी मौलाना के ख़िलाफ़ भी कार्रवाई की जा रही है।

मांडलगढ़ के महुआ में साम्प्रदायिक माहौल गरमाने के बाद लोगों से जनप्रतिनिधियों ने समझाइश की।

महुआ गांव में गरमाए माहौल को लेकर यहां के पूर्व सरपंच रणजीत सिंह और मुस्लिम समाज के सदर महमूद अली मंसूरी ने पुलिस और प्रशासन को साथ लेकर मौर्चा संभाला। विधायक प्रतिनिधि मुकेश खण्डेलवाल, डीवाईएसपी बाबूलाल विश्नोई, तहसीलदार ललित डिडवानिया सहित जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों से अलग-अलग स्तर पर वार्ता की।

- असामाजिक तत्वों ने समुदाय विशेष की दुकानों को निशाना बनाकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया था
- पुलिस ने 8-9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, मौलाना के ख़िलाफ़ भी कार्रवाई की जा रही है

दोनों पक्षों के आक्रोशित लोगों और व्यापारियों से समझाइश कर गरमाए माहौल को शांत कराया। दोनों पक्ष का कहना है कि गांव में वर्षों से साम्प्रदायिक सौहार्द की परंपरा रही है, उसे बरकरार रखने की पहल जारी रहेगी।

मांडलगढ़ थाना प्रभारी चन्द्र प्रभात ने बताया कि उक्त घटना को लेकर मांडलगढ़ के अतिरिक्त अन्य थाने और पुलिस लाइन से जाब्ता बुलाया गया। भीलवाड़ा से आई दमकल ने आगजनी की दुकानों पर काबू पाकर आग बुझाई। इस घटना में किसी भी पक्ष ने थाने में थाने में रिपॉर्ट नहीं दी है। पुलिस ने उपद्रव करने के मामले में 9 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है। फिलहाल महुआ गांव में शांति बहाली हो गई है और बाजार खुल कर हालात सामान्य हो चुके हैं।